महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 2223-2229 दिनांकः–15.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं बरेली मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के पूर्व–अभियान के तहत मिशन लाइफ (Life) की गतिविधियों का कार्यान्वयन सम्बन्धी।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–01 / रा0से0यो0 / क्षे.नि / लख / 2026–27 / 1899–2036, दिनांक 14 मई, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम से दिनांक 15 मई से 05 जून 2026 तक विश्व पर्यावरण दिवस 2026 प्री–कैम्पेंन (पूर्व अभियान) आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। मंत्रालय द्वारा उक्त अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना को मिशन लाइफ **(Life)** के अन्तर्गत युवाओं की भागीदारी जुटाने की विशेष जिम्मेदारियॉ सौंपी गई हैं। प्री–कैम्पेंन के तहत उक्त अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जानी हैं–

- रा0से0यो0 स्वयंसेवकों के माध्यम से स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, पड़ोस में सतत विकास संबंधी चुनौतियाँ और अन्य जलवायु परिवर्तन संबंधी स्वयंसेवी गतिविधियों का आयोजन करना।
- माय भारत पोर्टल के माध्यम से जिला–स्तरीय मिशन लाइफ गतिविधियों और जागरूकता अभियानों के लिए रा0से0यो0 स्वयंसेवकों को प्रेरित करना।
- अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, सतत परिवहन, एकल–उपयोग प्लास्टिक में कमी और पर्यावरण संरक्षण पर युवा नेतृत्व वाली पहलों को बढ़ावा देना एवं मिशन लाइफ के सात विषयों के अनुरूप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
- सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना और सभी अभियान सामग्रियों में मिशन लाइफ ब्रांडिंग / लोगो का उपयोग करना एवं इसके साथ ही प्रत्येक गतिविधि का माय भारत पोर्टल पर इवेंट क्रिएट करना।
- संलग्न मानक प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार मेरी लाइफ पोर्टल पर पंजीकरण / लॉगिंन करते हुए आयोजित सभी गतिविधियों, कार्यक्रम विवरण, जियोटैग किए गए फोटो / वीडियों और कार्य रिपोर्ट को प्रतिदिन अपलोड करना।

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार गतिविधियों को आयोजित कराना सुनिश्चित करें साथ ही उक्त अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले वाली समस्त गतिविधियों की प्रतिदिन की आख्या / रिपोर्ट सांय 04:00 बजे तक संलग्न एक्सेल प्रारूप के अनुसार इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे समयानुसार दैनिक आख्या शासन को प्रेषित की जा सके।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राजीव कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना